**INDIAN SCHOOL SOHAR**
**TERM-2 EXAMINATION (2017-18)**

| | | |
|---|---|---|
| कक्षा:**VII** | विषय**:** हिन्दी | पूर्णांक**: 80** |
| दिनांक**: 08-03-2018** | | समय**:3** घंटे |

सामान्य निर्देश**: 1.**इस प्रश्न पत्र के कुल चार खंड हैं**-**क**,**ख**,**ग**,**घ।
**2.**प्रश्नों के उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न संख्या लिखना आवश्यक है।
**3.**चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

## खंड-क (अपठित गद्यांश)

प्रश्न **1.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए**:-**

मनुष्य का जीवन संघर्षो से भरा है। यदि जीवन में संघर्ष और असफलता हो, तभी सफलता के आनंद की सच्ची अनुभूति हो सकती है। पराजय होने पर भाग्य को दोषी ठहराना , पतन की ओर ले जाता है। यदि सच्ची लगन हो और असफलता के कारणों को ढूँढ़कर नए उत्साह के साथ ईमानदारी से प्रयास जारी रखें, तो सफलता मिलना निश्चित है। कहा जाता है कि दृढ़ इच्छाशक्ति वाला मनुष्य कभी असफल नहीं होता। ऐसा भी कहा जाता है कि मन के हारे हार है और मन के जीते जीत। निरंतर संघर्ष करने वाले व्यक्ति का ही जीवन पूरी तरह निखरता है और अंत में विजय प्राप्त करने में सफल होता है। दूसरी ओर मन से हार जाने वाला व्यक्ति आरंभ से ही गलत तर्क गढ़ने लग जाता है और आलसी बनकर अपने भाग्य और जीवन को कोसता रहता है। उसे जीवन में कभी सफलता नहीं मिलती और पूरा जीवन व्यर्थ में ही गँवा देता है।

प्रश्न:-

(क) जीवन में सफलता के आनंद की सच्ची अनुभूति कब होती है? **(2)**

(ख) मनुष्य को जीवन में सफलता मिलना कब निश्चित है? **(2)**

(ग) आलसी व्यक्ति किसे कोसता रहता है? **(2)**

(घ) कैसे व्यक्ति का जीवन पूरी तरह निखरता है ? **(1)**

(ङ) 'विजय' और 'सफल' शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। **(1)**

(च) कैसा मनुष्य कभी असफल नहीं होता? **(1)**

(छ) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । **(1)**

## खंड-ख (व्याकरण)

प्रश्न **2.** 'स्वराज्य' शब्द में से उपसर्ग तथा मूल शब्द अलग करके लिखिए (1)

प्रश्न **3.** 'पढ़ाई' शब्द में से मूल शब्द तथा प्रत्यय अलग करके लिखिए। (1)

प्रश्न **4.** **(i)** निम्नलिखित समस्तपदों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए। (2)

(क) सिरदर्द (ख) त्रिवेणी

**(ii)** निम्नलिखित समास-विग्रह के समस्तपद बनाकर समास का नाम लिखिए। (2)

(क) माल के लिए गाड़ी

(ख) सात ऋषियों का समूह

प्रश्न **5.** **(i)** 'मधुर ' विशेषण शब्द की उत्तरावस्था और उत्तमावस्था लिखिए। (1)

**(ii)** निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर उनके भेदों के नाम लिखिए। (3)

(क) आज मैंने चार फल खाए।

(ख) पिता जी ने सफेद कुरता पहना है।

(ग) शरबत में थोड़ी चीनी और डालें।

प्रश्न **6.** निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (3)

(क) गंगा (ख) कपड़ा (ग) पाँव

प्रश्न **7.** निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (2)

(क) आय (ख) प्रत्यक्ष (ग) वरदान (घ) आदि

प्रश्न **8.** निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के कारक-भेद लिखिए। (4)

(क) माता जी <u>बच्चों के लिए</u> खिलौने लाई।

(ख) <u>समीरा ने</u> मेरी सहायता की।

(ग) <u>विकास के</u> पिताजी कश्मीर गए।

(घ) नेहा <u>चारू से</u> लम्बी है।

प्रश्न **9.** निम्नलिखित शब्दों के वर्ण-विच्छेद करके लिखिए। (4)

(क) प्रगति (ख) श्रमिक (ग) कृपालु (घ) चाँदनी

## खंड-ग (पाठ्य-पुस्तक)

**प्रश्न 10.** निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर लिखिए:-

**10** मई , **1857** को मेरठ में भारतीय सैनिकों ने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध स्वतंत्रता का पहला आंदोलन किया। उन्होंने सीधे दिल्ली पर कूच कर वहाँ पर कब्जा कर लिया और दिल्ली के अंतिम मुगल शासक बहादुरशाह ज़फ़र को भारत का शासक घोषित किया। **1857** के इस आंदोलन में वीर कुँवर सिंह का नाम उल्लेखनीय है। वीर कुँवर सिंह ने ब्रिटिश हुकूमत के साथ लोहा तो लिया ही उन्होंने अनेक सामाजिक कार्य भी किए। वे उदार एवं अत्यंत संवेदनशील व्यक्ति थे। इब्राहीम खाँ और किफ़ायत हुसैन उनकी सेना में उच्च पदों पर आसीन थे। आरा ज़िला स्कूल के लिए ज़मीन दान में दी जिस पर स्कूल के भवन का निर्माण किया गया। कहा जाता है कि उनकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी, फिर भी वे निर्धन व्यक्तियों की सहायता करते थे। उन्होंने अपने इलाके में अनेक सुविधाएँ प्रदान की थीं। उनमें से एक है: आरा -जगदीशपुर सड़क और आरा-बलिया सड़क का निर्माण। उस समय जल की पूर्ति के लिए लोग कुएँ खुदवाते थे और तालाब बनवाते थे। वीर कुँवर सिंह ने अनेक कुएँ खुदवाए और जलाशय भी बनवाए।

(क) भारतीय सैनिकों ने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध स्वतंत्रता का पहला आंदोलन कब किया? **(1)**
(ख) दिल्ली के अंतिम मुगल शासक का नाम क्या था? **(1)**
(ग) इब्राहीम खाँ और किफ़ायत हुसैन किनकी सेना में उच्च पदों पर आसीन थे ? **(1)**
(घ) 'सामाजिक 'शब्द का मूल शब्द और प्रत्यय अलग करके लिखिए। **(1)**
(ङ) वीर कुँवर सिंह ने कौन-कौन से सामाजिक कार्य किए? **(2)**

**प्रश्न 11.** निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। **(6)**

**(क)** दु:साध्य **(ख)** तारे **(ग)** महारत **(घ)** कद्र **(ङ)** चौका **(च)** उन्मुक्त

**प्रश्न 12.** निम्नलिखित शब्दों तथा मुहावरों का प्रयोग करते अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए। **(5)**

(क) प्रेरक **(ख)** कहा-सुनी (ग) तत्पर

**(घ)** कान का कच्चा होना **(ङ)** आकाश-पाताल एक करना

**प्रश्न 13.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए। **(5)**

**(क)** मीरा को सावन मनभावन क्यों लगने लगा?
**(ख)** धनराज पिल्लै का बचपन कैसा था?
**(ग)** खानपान के मामले में स्थानीयता का क्या अर्थ है?
**(घ)** गांधी जी ने साबरमती आश्रम की स्थापना की योजना कब बनाई ?
**(ङ)** 'एक तिनका ' कविता में कवि पर व्यंग्य किसने किया?

प्रश्न **14.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **5** प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखिए। (**15**)

(क) 'मेरी माँ ने अपनी प्रसिद्धि को विनम्रता से सँभालने की सीख दी' - धनराज पिल्लै की इस बात का क्या अर्थ है?

(ख) लेखक खानपान के बदलाव को लेकर चिंतित क्यों हैं?

(ग) 'बंसीवारे ललना', 'मोरे प्यारे', 'लाल जी' , कहते हुए यशोदा किसे जगाने का प्रयास करती हैं और वे कौन-कौन सी बातें कहती हैं?

(घ) 'दादी माँ' पाठ में लेखक को अपनी दादी माँ की याद के साथ-साथ बचपन की किन-किन बातों की याद आ जाती है?

(ङ) वीर कुँवर सिंह ने मेले का उपयोग किस रूप में किया?

(च) 'आश्रम का अनुमानित व्यय ' पाठ से हमें क्या सीख मिलती है?

(छ) हिमालय की यात्रा में लेखक ने किन -किन की प्रशंसा की है?

## खंड-घ (लेखन)

प्रश्न **15.** पुस्तकें मँगवाने के लिए पुस्तक विक्रेता अथवा प्रकाशक को पत्र लिखिए। (**5**)

अथवा

अपने भाई को पत्र लिखिए जिसमें कक्षा में प्रथम आने पर उसे बधाई दी गई हो।

प्रश्न **16.** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए । (**5**)

(क) परिश्रम (ख) भारत की राजधानी: दिल्ली (ग) विद्यालय का खेल दिवस

..................................................समाप्त..................................................